समाचार

एलर्ट मोड पर करें मांग व शिकायतों से जुड़े आवेदनों का निराकरण – आयुक्त

(आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने सुशासन तिहार 2025 के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की वर्तमान कार्यप्रगति की समीक्षा की)

कोरबा 21 अप्रैल 2025 –आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि सुशासन तिहार 2025 के तहत विभिन्न शिकायतों व मांग से संबंधित आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही एलर्ट मोड पर रह कर करें तथा समाधान शिविरों के आयोजन से पूर्व शत प्रतिशत आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराएं। उन्होने कहा कि शिकायतों से संबंधित प्रकरणों पर निराकरण की त्वरित कार्यवाही करें व मांग संबंधी आवेदनों के निराकरण हेतु आवश्यक कार्यप्रक्रिया एक सप्ताह के अंदर पूरी कराया जाना सुनिश्चित करें।

यहॉ उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के दिशा निर्देशों के तहत सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा 08 अप्रैल से 11 अप्रैल के बीच सुशासन तिहार शिविरों का आयोजन सभी 07 जोन कार्यालयो में किया गया था तथा विभिन्न मांग व शिकायतों से संबंधित आवेदन पत्र नागरिकों से प्राप्त किए गए थे, इन प्राप्त आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही निगम द्वारा की जा रही है। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम के जोन कमिश्नरों, प्रभारी अधिकारियों की बैठक लेकर सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत नागरिकों द्वारा विभिन्न मांग व शिकायतों के संबंध में प्रस्तुत किए गए आवेदन पत्रों पर की जा रही निराकरण की कार्यवाही की वर्तमान कार्यप्रगति की समीक्षा की। आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के कोरबा, टी.पी.नगर, कोसाबाड़ी, पं.रविशंकर शुक्लनगर, बालको, दर्री व सर्वमंगला जोन में विषयवार प्राप्त आवेदनों की जोनवार व विषयवार समीक्षा की तथा निराकरण की वर्तमान कार्यप्रगति की जानकारी लेते हुए पेंशन, स्वच्छता, पेयजल, स्ट्रीट लाईट, शौचालय निर्माण, सड़क, नाली मरम्मत, प्रधानमंत्री आवास योजना, भवन निर्माण अनुज्ञा

सहित निगम के अन्य कार्यो व सेवाओं से संबंधित मांग व शिकायतों के संबंध में प्राप्त आवेदनों पर एलर्ट मोड पर कार्यवाही करते हुए उनके गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराएं जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

05 मई से 31 मई के बीच लगेंगे समाधान शिविर – शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार 05 मई से 31 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा, इन शिविरों के माध्यम से आवेदनकर्ताओं व नागरिकों को उनके द्वारा विभिन्न मांग व शिकायत के संबंध में प्रस्तुत किए गए आवेदनों के निराकरण की जानकारी उन्हें प्रदान की जाएगी। यहॉ उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार 2025 के आयोजन के प्रथम चरण में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल के बीच सुशासन तिहार शिविरों का आयोजन निगम के सभी 07 जोन कार्यालयों में किया गया था तथा इस दौरान नागरिकों से उनकी मांग व शिकायतों से संबंधित आवेदन जमा कराए गए थे। वहीं द्वितीय चरण में इन प्राप्त आवेदनों का समुचित निराकरण किया जा रहा है, तत्पश्चात तृतीय चरण में 05 मई से 31 मई के बीच समाधान शिविर आयोजित होंगे।

बैठक के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभिंयता सुरेश बरूवा, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी एवं पवन वर्मा, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, तपन तिवारी, विनोद शांडिल्य, अखिलेश शुक्ला, एन.के.नाथ, प्रकाश चन्द्रा, राकेश मसीह, अजीत तिग्गा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, गोयल सिंह विमल, रमेश सूर्यवंशी आदि के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे।